CALL@7235808541

# मिस्र के राष्ट्रपति की भारत यात्रा





## चर्चा में क्यों

- मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसि भारत की तीन दिन की यात्रा पर हैं ।
- राष्ट्रपति सिसि को भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है ।

## मिस्र के राष्ट्रपति का भारत दौरा



- राष्ट्रपति सिसि के साथ पांच मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल भी भारत की यात्रा पर आया हुआ है ।
- गौरतलब है कि मिस्र के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पहली बार आमंत्रित किया गया है।
- साथ ही मिस्र की सेना का एक सैन्य दल भी गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी करेगा।



## मिस्र -भारत सम्बन्ध

- इससे पहले मिस्र के राष्ट्रपति अक्तूबर 2015 में तीसरे भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन में भागीदारी करने और सितम्बर 2016 में भारत के राजकीय दौरे पर आये थे।
- भारत और मिस्र इस वर्ष अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना का 75वां वर्ष मना रहे हैं ।
- 2022-23 में जी-20 में भारत की अध्यक्षता के दौरान मिस्र को एक 'अतिथि देश' के रूप में आमंत्रित किया गया है।